# तुलसा और देवश्री ने हिंदी में निकाला एपियरिंग स्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय महाविद्यालय भखारा की तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी की छात्रा तुलसा और देवश्री ने एपियरिंग स्लेट (स्टेट एलिब्जिटी टेस्ट) निकालकर कॉलेज का मान बढ़ाया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ.चन्द्रकान्ता शर्मा ने कहा कि हमारे महाविद्यालय से लगातार नेट, स्लेट की सफलता यह दर्शाता है कि ग्रामीण प्रतिभा को सही मार्गदर्शन मिले तो वह बड़ी उपलब्धियों को आसानी से छू सकते हैं। इन छात्राओं की सफलता आने वाले समय में पूरे भखारा क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवप्रकाश का प्रतीक है।





महाविद्यालय में नेट स्लेट जे .आर.एफ़ को लेकर डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर असिस्टेंटेंट प्रोफेसर हिंदी की अगुवाई में अंजोर 8 नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत इन 2 सफल छात्राओं के अतिरिक्त भी तीजन एवं पायल ने पूर्व में सफलता अर्जित की है। डॉ. ठाकुर ने स्लेट की सफलता पर कहा कि यह परीक्षा भखारा क्षेत्र के ग्रामीण विद्यार्थियों के अंदर असिस्टेंट प्रोफेसर की तैयारी एवं देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों (जे. एन .यू, दिल्ली विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा) में प्रवेश परीक्षा की तैयारी की पूर्व रूपरेखा बनाने का प्रयास है। ऐसे विद्यार्थी हिंदी भाषा साहित्य में भविष्योन्मुख मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही विद्यार्थीगण एम.फिल, पी-एच. डी कर शोध की नवीन दिशाओं की ओर अग्रसर होंगे।

ज्ञातव्य है भखारा कॉलेज में पूर्व में नेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा हेतु भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस तैयारी में डॉ. प्रदीप जांगड़े एवं असिस्टेंट प्रोफेसर रामकिशोर यादव भी सहयोग कर रहे हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, प्रो. आनंद सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, प्रो.दिनेश नाग, डॉ. यशवन्त वैष्णव, डॉ. अविनाश आर. निचत एवं कार्यालयीन स्टाफ़ ने हर्ष व्यक्त कर अपनी शुभकामनाएं दी।

# भखारा कॉलेज की छात्रा देवश्री ने पास किया हिंदी में एपियरिंग नेट

**धमतरी (प्रखर)।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा देवश्री ने एमए होने के पहले ही एपियरिंग नेट निकालकर प्रेरक रिकार्ड बना दिया है। महाविद्यालय में नेट –जेआरएफ की तैयारी के लिए अंजोर 8 नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके संयोजक डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर हैं। डॉ. ठाकुर स्वयं हिंदी नेट परीक्षा की क्लास लेते हैं। अंजोर 8 में शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता नामक प्रथम प्रश्नपत्र डॉ. प्रदीप जांगड़े और प्रोफेसर रामकिशोर यादव पढ़ाते हैं। अंजोर 8 कार्यक्रम में पढ़ते हुए देवश्री के साथ पायल एवं तीजन ने भी नेट क्लीयर किया है। इस बहुआकांक्षी कार्यक्रम को आशानुरूप सफलता मिली है।

इस सफलता पर संस्था प्रमुख प्राचार्या डॉ. चन्द्रकान्ता शर्मा ने कहा कि यह बड़ी विजन वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को देवश्री, पायल और तीजन ने निकालकर यह सिद्ध कर दिया है कि शैक्षणिक माहौल बेहतर हो तो ग्राम्यांचल भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी सफलता हासिल किया जा सकता है। आने वाले समय में देवश्री की सफलता पूरे क्षेत्र में स्थायी प्रेरणा का कार्य करेगी। इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. कविता वैष्णव ने कहा कि यह हिंदी विभाग की बड़ी उपलब्धि है। नेट के इस सुखद परिणाम से महाविद्यालय में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा,डॉ. एल.आर .डोंगरे , प्रोफेसर आनन्द सोनी,प्रोफेसर दिनेश नाग,प्रोफेसर अविनाश निचत,प्रोफेसर यशवन्त वैष्णव एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ़ ने सफल विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया।



# भखारा कॉलेज की छात्रा देवश्री ने निकाला हिंदी में एपियरिंग नेट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा देवश्री ने एमए होने के पहले ही एपियरिंग नेट निकालकर प्रेरक रिकार्ड बना दिया है। महाविद्यालय में नेट -जे आर एफ़ की तैयारी के लिए अंजोर-8 नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके संयोजक डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर हैं। डॉ. ठाकुर स्वयं हिंदी नेट परीक्षा की क्लास लेते हैं।

अंजोर-8 में शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता नामक प्रथम प्रश्नपत्र डॉ. प्रदीप जांगड़े और प्रो. रामकिशोर यादव पढ़ाते हैं। कार्यक्रम में पढ़ते हुए देवश्री के साथ पायल एवं तीजन ने भी नेट निकाला है। इस बहुआकांक्षी कार्यक्रम को आशानुरूप सफलता मिली है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. चन्द्रकान्ता शर्मा ने कहा कि यह बड़ी विजन वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को देवश्री, पायल और तीजन ने निकालकर यह सिद्ध कर दिया है कि



शैक्षणिक माहौल बेहतर हो तो ग्राम्यांचल भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को निकाल सकते हैं। आने वाले समय में देवश्री की सफलता पूरे क्षेत्र में स्थायी प्रेरणा का कार्य करेगी।

इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. कविता वैष्णव ने कहा कि यह हिंदी विभाग की बड़ी उपलब्धि है। नेट के इस सुखद परिणाम से महाविद्यालय में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, प्रो. आनंद सोनी, प्रो. दिनेश नाग, प्रो. अविनाश निचत, प्रो. यशवंत वैष्णव एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ़ ने सफल विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया।

अपील की है। –नईदुनिया न्यूज

# तुलसा और देवश्री ने सेट की परीक्षा पास की

**भखारा।** शासकीय महाविद्यालय भखारा की तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी की छात्रा तुलसा और देवश्री ने एपियरिंग स्लेट ( स्टेट एलिबजिटी टेस्ट) पास कर ली है। छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए प्राचार्या डॉ.चंद्रकांता शर्मा ने कहा कि हमारे महाविद्यालय से लगातार नेट, स्लेट की सफलता यह दर्शाता है कि ग्रामीण प्रतिभा को सही मार्गदर्शन मिले तो वह बड़ी उपलबधियों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कालेज में नेट, स्लेट, जेआरएफ को लेकर डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर असिस्टेंटेंट प्रोफेसर हिंदी के अगुवाई में अंजोर आठ नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



तुलसा



देवश्री

# जेएनयू से एमफिल प्रवेश परीक्षा पास तुलसा ने एपियरिंग नेट भी निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी की छात्रा तुलसा ने हिंदी विषय में एपियरिंग नेट निकाली है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चंद्रकांता शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय परीक्षाओं में तुलसा का चयन इस बात का परिचायक है कि एम.ए की पढ़ाई अगर पूरे मनोयोग से की जाए तो विद्यार्थी उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी राष्ट्रीय परीक्षा में अपनी डिग्री पूर्ण होने के पहले ही चयनित हो सकती है।



तुलसा

भखारा कॉलेज में नेट-जे आर एफ़ परीक्षा को टारगेट कर अंजोर नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके संयोजक हिंदी के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर हैं। डॉ. ठाकुर के मार्गदर्शन में तुलसा ने सफलता अर्जित की है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) विद्यार्थियों के लिए उच्च अध्ययन संस्थानों में अध्ययन-अध्यापन के लिए प्रवेश द्वार पार करने के समान है। ज्ञातव्य है कि अंजोर कार्यक्रम के तहत पिछले सत्र में पायल, देवश्री, तीजन ने भी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है।

बता दें कि तुलसा ने कुछ दिनों पूर्व जेएनयू नई दिल्ली की एम.फिल प्रवेश परीक्षा भी निकाली है। ये सभी उपलब्धि आने वाले समय में ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभा को नया आकार देने वाला सिद्ध होगा।

इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, प्रो. आनंद सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, प्रो.दिनेश नाग, डॉ. यशवंत वैष्णव, डॉ. अविनाश आर. निचट, डॉ. प्रदीप जांगड़े, प्रोः रामकिशोर यादव एवं कार्यालयीन स्टाफ़ ने हर्ष व्यक्त कर बधाइयां दी।

## तुलसा ने बढ़ाया भखारा कॉलेज का मान

**भखारा।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली (जेएनयू) द्वारा आयोजित



एमफिल हिंदी प्रवेश परीक्षा में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की एमए चतुर्थ हिंदी सेमेस्टर की छात्रा तुलसा का चयन हुआ है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चंद्रकांता शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय परीक्षाओं में गांव के बच्चों का चयन उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य का परिचायक है। डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर ने स्वयं दिल्ली विश्वद्यालय से डॉक्टरेट किया है। उनके मार्गदर्शन में तुलसा ने तैयारी की। इस उपलब्धि पर डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, प्रो. आनन्द सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, प्रो.दिनेश नाग, डॉ. यशवंत वैष्णव, डॉ. अविनाश, आर निचत, डॉ. प्रदीप जांगड़े, प्रो. रामकिशोर यादव व स्टाफ ने हर्ष जताया है। - नईदुनिया न्यूज






12:22 AM

**ANS** Asian News Service
LARGEST NEWS SERVICES

Home › Chhattisgarh › Chandrakar congratulate students of Bhakhara College for cracking NET exam

CHHATTISGARH STATE

# Chandrakar congratulate students of Bhakhara College for cracking NET exam

By - August 6, 2018 211 0

NET

*file photo*


राजीव गांधी किसान न्याय योजना
₹5750 करोड़



12:22 AM
Raipur, 6 August 2018

Panchayat and Rural Development Minister Mr. Ajay Chandrakar has congratulated three students of Government Post Graduation College Bhakhara for successfully clearing National Eligibility Test (NET). Mr. Chandrakar has wished them a bright future. These students accompanied by Principal of Government Post Graduation College Bhakhara Professor Dr Chandrakanta


Raipur, 6 August 2018

Panchayat and Rural Development Minister Mr. Ajay Chandrakar has congratulated three students of Government Post Graduation College Bhakhara for successfully clearing National Eligibility Test (NET). Mr. Chandrakar has wished them a bright future. These students accompanied by Principal of Government Post Graduation College Bhakhara Professor Dr Chandrakanta Sharma and teachers of the college paid courtesy call on Mr. Chandrakar at his residence office in capital city Raipur today. Dr Sharma informed that in their college, Hindi Professor Mr. Bhuval Singh has been dedicateing extra time to prepare students of the college for NET exam under Anjor-Aath programme. In July 2018, three students namely Teejan Sahu, Kumar Payal Markam, and Devshri Kurre of Hindi Department of the college have successfully cracked the NET exam. In near future, more students will be prepared for this national-level exam. Mr. Chandrakar appreciated the efforts and initiatives taken by the college and congratulated students for their achievement. He assured of providing every possible support for such programmes initiated for brighter future of students.

</>

# कविता को पीएचडी मिलने पर भखारा कॉलेज में उत्सव



कुरूद/भखारा(प्रखर)। शासकीय महाविद्यालय भखारा में पदस्थ सहायक प्राध्यापक हिंदी सुश्री कविता वैष्णव ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से प्रभा खेतान के उपन्यासों में स्त्री विमर्श एक अध्ययन विषय पर डॉ. अनुसुईया अग्रवाल के निर्देशन एव डॉ. राकेश तिवारी के सहनिर्देशन में पीएचडी की उपाधि पूर्ण की। इस अवसर पर हिंदी विभाग भखारा कॉलेज के एमए के विद्यार्थियों ने उत्सव विद्या वाचस्पति कार्यक्रम का आयोजन किया और वैष्णव मैम को बधाइयां दी।

इस अवसर पर डॉ भुवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक हिंदी ने कहा कि डॉक्टरेट की पढाई हमें विषय की समग्रता एव चिंतनशील मनुष्य बनने की स्थायी प्रेरणा देती है। रिसर्च के कार्य अकादमिक जगत में किसी भी विषय की परम्परा और निरन्तरता का प्रमुख है।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ चन्द्रकान्ता शर्मा, प्राध्यापक डॉ संजय शर्मा, डॉ डोंगरे, प्रो..आनन्द सोनी, प्रो. किशोर यादव, प्रो. यशवंत वैष्णव, डॉ प्रदीप जांगड़े, लोकेश्वर साहू एव समस्त महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।


सिद्धि विनायक ब

बांके बिहारी मंदिर के पास,
SBI ATM के सामने, सदर बाजा



समस
र

सभी प्र
टीका
की सुविध

- भाप (निबूलाइजेशन) की सुवि
- कम वजन के बच्चों का इलाज
- सभी प्रकार की बीमारी का इल

समय- सुबह 9 बजे से 2 बजे,


# भखारा कॉलेज के दो प्रोफेसर बने शोध निर्देशक



**भखारा.** गत दिनों पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में पदस्थ हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर और वाणिज्य के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप जांगड़े को शोध निर्देशक की मान्यता प्रदान की गई. अब डॉ. ठाकुर हिंदी विषय में और डॉ. प्रदीप वाणिज्य विषय में पी-एचडी करा सकेंगे. इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने दोनों प्रोफेसर को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है. अब अध्ययन, अध्यापन के साथ शोध को भी गति मिलेगी. नए अनुसन्धान से परिसर का माहौल समग्रतावादी बनेगा. इस अवसर पर डॉ. लेखराम डोंगरे, आनन्द सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, दिनेश नाग, डॉ. अविनाश आर. निचट, रामकिशोर यादव और ग्रन्थपाल लोकेंद्र सुधाकर ने हर्ष जाहिर किया.